उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 11.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 11.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों के सत्यापन तथा अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांकः-11.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी थानाध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह, चौकी प्रभारी कस्बा चरखारी मय हमराह उ.नि.विशाल वाजपेई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त मान सिंह पुत्र देशराज उम्र 35 वर्ष निवासी मोहल्ला शेखनफाटक कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा को थानाक्षेत्र के काशी मेला ग्राउंड के पीछे प्राइमरी स्कूल के सामने वहद कस्बा चरखारी से एक प्लास्टिक की पिपिया में कुल 10 लीटर कच्ची देशी शराब महुआ नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना चरखारी में मु0अ0सं0 85/2025 धारा 60 Ex Act का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

### गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह चौकी प्रभारी कस्बा चरखारी, थाना चरखारी
2. उ.नि.विशाल वाजपेई

### गिरफ्तार अभियुक्त –

मान सिंह पुत्र देशराज उम्र 35 वर्ष निवासी मु0शेखनफाटक कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा

### बरामदगी-

एक प्लास्टिक की पिपिया में 10 लीटर कच्ची देशी शराब नाजायज



# महोबा पुलिस



## नाबालिग के साथ मारपीट एवं यौन उत्पीडन करने वाले वांछित अभियुक्त को थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांकः- 11.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर अवधेश कुमार मिश्र द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल, हे0का0 अनिल कुमार, का0 नीतेश कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना श्रीनगर में पंजीकृत किये गये मु0अ0सं0 102/25 धारा 74/115(2)/351(2) बीएनएस व 8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त नीरज साहू पुत्र स्व0 मूलचन्द्र साहू उम्र करीब 20 वर्ष निवासी मु0 भैरवगंज कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा को मोहल्ला भैरवगंज कस्बा व थाना श्रीनगर से नियमानुसार गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित करते हुए अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -

नीरज साहू पुत्र स्व0 मूलचन्द्र साहू उम्र करीब 20 वर्ष निवासी मु0 भैरवगंज कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल
2. हे0का0 अनिल कुमार
3. का0 नीतेश कुशवाहा



## "शस्त्रों की साफ-सफाई का आयोजन"

पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा, श्री राजेश एस. के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में आज दिनांकः- 11.05.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन महोबा स्थित क्वार्टर गार्द में शस्त्रों की साफ-सफाई का कार्य संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा अनुशासित रूप से अपने-अपने शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई की गई।

इस प्रक्रिया का उद्देश्य शस्त्रों की क्रियाशीलता को बनाए रखना तथा किसी भी आपात स्थिति में उनकी तत्परता सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार द्वारा समस्त शस्त्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए हैं।




